**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 26-07-2025**

- **RO/ARO परीक्षा-2025 के दृष्टिगत मण्डलायुक्त एवं डीआईजी बस्ती द्वारा श्री शिव मोहर नाथ पाण्डेय किसान जनता इण्टरमीडिएट कालेज नगर बाजार का किया गया निरीक्षण।**
- **परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित को दिए आवश्यक निर्देश।**

आज दिनांक 26.07.2025 को मण्डलायुक्त बस्ती श्री अखिलेश सिंह एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी (RO/ARO) भर्ती परीक्षा-2025 के दृष्टिगत श्री शिव मोहर नाथ पाण्डेय किसान जनता इण्टरमीडिएट कालेज नगर बाजार जनपद बस्ती का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश/निकास की व्यवस्था, निगरानी हेतु लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया, प्रश्नपत्र वितरण की सुरक्षा, निगरानी ड्यूटी आदि के सम्बन्ध में समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया जिससे परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 30-07-2025**

- **Cy-Train प्रशिक्षण न करने वाले नहीं बनेगे थाना प्रभारी।**
- **03 माह में सभी को आनलाइन प्रशिक्षण करना होगा पूर्ण।**

आज दिनांक 30.07.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक,गोरखपुर जोन,गोरखपुर के निर्देश के क्रम में रेंज के पुलिस अधीक्षकगण को अपने-अपने जनपद के समस्त नोडल राजपत्रित अधिकारी साइबर क्राइम को 03 दिवस के अन्दर साइट्रेन प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों की संख्या जानने,शेष अधि0/कर्म0गण को आनलाइन प्रशिक्षण दिलाने हेतु योजना तैयार करने, सभी Inspectors/SHO’S को अगले 03 माह में प्रत्येक दशा में प्रशिक्षण प्राप्त कराने तथा थाना प्रभारी पद के उपयुक्तता के लिये Cy-Train प्रशिक्षण भी एक मानक के रुप में रखने हेतु निर्देशित किया गया।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 01-08-2025**

- **डीआईजी बस्ती द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारीगण के साथ पुलिस लाइन सभागार सिद्धार्थनगर में की गयी अपराध गोष्ठी।**
- **पुलिस लाइन में ट्रेनिंग कर रहे आरक्षीगण से की गयी वार्ता।**
- **संबंधित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

आज दिनांक 01.08.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में रिक्रूट आरक्षीगण से वार्ता की गयी । संबंधित को रिक्रूट आरक्षियों की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने ,ट्रेनिंग शेड्यूल के अनुसार कराने, प्रशिक्षण की गुणवत्ता का ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया । तत्पश्चात समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारीगण के साथ पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर सभागार में अपराध गोष्ठी की गयी । डीआईजी बस्ती द्वारा लंबित विवेचनाओं के निस्तारण व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी करने, चोरी,नकबजनी की घटनाओं मे प्रभावी कार्यवाही करने , थाने में आने वाले आगंतुक/ पीड़ित/फरियादियों से सहानुभूति व सम्मान पूर्वक व्यवहार करने तथा उनकी समस्या/शिकायत को सुनकर यथाशीघ्र विधिक निस्तारण करने,थानों में खड़े वाहनों के संबंध में आपरेशन क्लीन के तहत कार्यवाही करने, सक्रिय अपराधियों व दुराचारियों की निगरानी करने, नेपाल बार्डर पर समय-समय पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग करने, सभी को साइट्रेन व I-GOT कर्मयोगी पोर्टल पर की ट्रेनिंग कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सहित क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारीगण व अन्य अधि0/कर्म0गण उपस्थित रहे ।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 04-08-2025**

- **“आईजीआरएस रैंकिंग में बस्ती रेंज को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान।“**

आईजीआरएस की माह जुलाई की रैंकिंग में बस्ती रेंज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है । रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी आईजीआरएस निरीक्षक श्री ब्रजेन्द्र प्रसाद पटेल व उनके अधीनस्थों को शाबाशी दी गयी ।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 04-08-2025**

- **परिक्षेत्रीय कार्यालय जनपद बस्ती । महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश महोदया के बस्ती में आवागमन के दौरान वाहनों को नेशनल हाईवे से डायवर्ट कराये जाने का प्लान -**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश महोदया के बस्ती में आवागमन को दृष्टिगत दिनांक 04.08.2025 को रात्री 12.00 बजे से दिनांक 05.08.2025 को 20.00 बजे (कार्यक्रम समाप्ति) तक अयोध्या बस्ती मार्ग पर वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। आवश्यकतानुसार छोटा वाहन (एम्बुलेंस आदि) एक लेन से चलाया जायेगा।

1. लखनऊ से गोरखपुर की तरफ आने वाले वाहनों को बाराबंकी से ही रोककर जरवल रोड, कर्नेलगंज, गोण्डा, उतरौला, डुमरियागंज होते हुए गन्तव्य को डायवर्ट कर दिया जायेगा ।
2. अयोध्या से बस्ती, गोरखपुर के तरफ आने वाले वाहनों अयोध्या से लोलपुर होते हुए कटरा, लकड़मण्डी, नवाबगंज, गोण्डा, डुमरियागंज से गन्तब्य को डायवर्ट कर दिया जायेगा।
3. गोरखपुर से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को खलीलाबाद से डायवर्ट कर मेंहदावल रोड होते हुए बांसी, डुमरियागंज, उतरौला, होकर आगे निकाला जायेगा।
4. बस्ती से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को बड़ेबन ओवरब्रिज के ऊपर न जाकर डायवर्ट कर ओवरब्रिज के नीचे से मनौरी- भानपुर- डुमरियागंज के रास्ते आगे को भेजा जायेगा। तथा फुटहिया ओवरब्रिज से कलवारी होते हुए टाण्डा अम्बेडकरनगर की ओर डायवर्ट किया जायेगा।
5. अम्बेडकर नगर से बस्ती की तरफ आने वाले वाहनों को कलवारी चौराहे से गायघाट, कुदरहा, लालगंज होते हुये जनपद संतकबीर नगर हेतु डायवर्ट किया जायेगा

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 04-08-2025**

- **डीआईजी बस्ती द्वारा मा0 राज्यपाल महोदया जी के कल आगमन के दृष्टिगत पुलिस लाइन बस्ती में अधिकारी कर्मचारी गण को किया गया ब्रीफ।**
- **मंडलायुक्त व डीआईजी बस्ती द्वारा कार्यक्रम स्थलो व रूट/सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा।**
- **कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने हेतु संबंधित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

आज दिनांक 04.08.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा मा0 राज्यपाल महोदया श्रीमती आनन्दी बेन पटेल उ0प्र0 सरकार के जनपद बस्ती में कल दिनांक 05.08.2025 को प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत पुलिस लाइन बस्ती में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक बस्ती के साथ अधिकारी व कर्मचारीगण को ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ किया गया।

ततपश्चात मंडलायुक्त व डीआईजी बस्ती द्वारा कार्यक्रम स्थलों कृषि विज्ञान केन्द्र बंजरिया, अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह आदि का भ्रमण कर रुट/सुरक्षा व्यवस्था एवं तैयारियों का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी मे लगे सभी संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण को कार्यक्रम स्थल, सुरक्षा व्यवस्था व रूट व्यवस्था में सतर्क दृष्टि रखते हुए मा0 राज्यपाल महोदया जी के कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक आदेश-निर्देश दिया गया।

इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक विभाग के अधिकारी /कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**

# परिक्षेत्रीय कार्यालय,
# परिक्षेत्र बस्ती

# प्रेस नोट
# दिनांक – 08-08-2025

- **डीआईजी बस्ती के निर्देशन में परिक्षेत्र में संचालित 15 दिवसीय यातायात व्यवस्था सुदृढ़ीकरण अभियान।**

पुलिस उपमहानिरीक्षक, बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी के निर्देशन मे परिक्षेत्र के जनपदों में दिनांक 01.08.2025 से 15.08.2025 तक "यातायात व्यवस्था सुदृढ़ीकरण अभियान" संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित रखना तथा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाना है।अभियान के अंतर्गत दिनांक 01.08.2025 से 07.08.2025 तक परिक्षेत्र के सभी जनपदों में निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष कार्यवाही की गयी—

(1). सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों और विवरण को अद्यतन रखने हेतु सभी जनपदों में I-RAID APP पर दुर्घटनाओं की 100% फीडिंग सुनिश्चित करायी जा रही है, जिससे भविष्य में सड़क सुरक्षा नीतियों के निर्माण में सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें।

(2). यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन हेतु परिक्षेत्र के जनपदों में ऑनलाइन कैमरा के माध्यम से ई-चालान प्रणाली के माध्यम से पारदर्शी व साक्ष्य आधारित कार्यवाही की जा रही है।

(3). नगर पालिका, राजस्व विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रमुख कस्बों एवं बाजार, क्षेत्रों में सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाया जा रहा है, जिससे यातायात का सुचारु प्रवाह सुनिश्चित हो सके।

(4). जनपद के सभी मार्गों पर दुर्घटना-प्रवण क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान कर दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु संबंधित विभागों के सहयोग से बैरियर, स्पीड ब्रेकर एवं साइन बोर्ड लगवाये जा रहे है।

(5). राष्ट्रीय एवं मुख्य राजमार्गों पर, विशेषकर ढाबों के आसपास, सड़क/पटरी पर वाहनों की पार्किंग रोकने के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान राष्ट्रीय एवं मुख्य मार्गों पर खड़े कुल 201 वाहनों को हटवाया गया, जिनमें जनपद बस्ती से 157 वाहन, संतकबीरनगर से 21 वाहन तथा सिद्धार्थनगर से 23 वाहन शामिल हैं। साथ ही, और अधिक प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

(6). जनपद के मुख्य स्थानो/चौराहों पर नई ट्रैफिक लाइट लगाए जाने हेतु स्थानों का चयन किया गया तथा संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही प्रारंभ की गयी। इसके साथ ही पूर्व में लगी खराब ट्रैफिक लाइट की मरम्मत करवाकर उन्हें पुनः क्रियाशील कराया जा रहा है।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**